सन्मार्ग, भुवनेश्वर, शनिवार, जुलाई 23, 2016

आईआईटी भुवनेश्वर का स्थापना दिवस मना



जटनी : जटनी स्थित अरुगुल इलाके में नवनिर्मित आईआईटी, भुवनेश्वर परिसर में आज संस्था का नौवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लाइट काम्बैट एयर क्राफ्ट (तेजस सामरिक विमान) के मुख्य डिजाइनर पद्मश्री प्रो कोटा हरिनारायाना ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश के नौजवानों में आज विश्व प्रतिस्पर्धा की ललक दिख रही है और ज्ञान कौशल से भरे प्रतिभाओं की एक बड़ी कतार देश में खड़ी दिख रही है। किन्तु यदि समय रहते हम इन प्रतिभाओं को उचित एवं आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति नहीं करेंगे तो हमारी प्रगति की रफ्तार को निश्चित ही बाधित होगी। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया। संस्थान के निर्देशक वी राजकुमार ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित किया और संस्थान के डीन ने धन्यवाद दिया। संस्थान के रजिस्ट्रार सी गुणशेखर एवं अन्य प्राध्यापकों ने कार्यक्रम को संचालित किया। इसके बाद अतिथियों ने संस्थान के परिसर में पौधरोपण किया। पत्रकारों द्वारा पुष्पक विमान (चालक विहीन) सम्बंधित पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में प्रो हरिनारायाना ने बताया की हमारे वैज्ञानिक उस दिशा में कार्य कर रहे हैं और उनका अनुसंधान जारी है। शीघ्र ही हम सफलता को हासिल करेंगे।